







नवभारत
इंदौर, रविवार, 26 जुलाई 2026



## एक नजर में

### जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा के लिए वेबसाईट पर 31 जुलाई तक आवेदन करें

**मंदसौर।** जवाहर नवोदय विद्यालय प्राचार्य द्वारा बताया गया कि जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा - 2027 कक्षा 6वीं में प्रवेश परीक्षा 28 नवम्?बर 2026 को होना सुनिश्चित है। इस परीक्षा हेतु वर्ष 2026-27 में कक्षा 5 वीं में अध्ययनरत मन्दसौर जिले के छात्र-छात्रायें 31 जुलाई 2026 तक अपना आवेदन नवोदय विद्यालय समिति की वेबसाईट httpsÑ//cbseitms.rcil.gov.in/nvs_or httpÑ//navodaya.gov.in पर आवेदन कर सकते हैं। आवेदन करने हेतु आवेदक छात्र/छात्रा की जन्म 1 मई 2015 से 31 जुलाई 2017 के बीच में होनी चाहिए।

### कारगिल विजय दिवस पर आज कारगिल पार्क में आयोजित होगा भव्य कार्यक्रम

**मंदसौर।** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद जिला मंदसौर के तत्वावधान में आज रविवार, 26 जुलाई 2026 को कारगिल विजय दिवस का आयोजन किया जा रहा है। यह गरिमामय कार्यक्रम दोपहर 12.30 बजे से किटियानी स्थित सैनिक कार्यालय के पास बने कारगिल विजय पार्क में संपन्न होगा। कार्यक्रम के दौरान कारगिल युद्ध में देश की रक्षा करते हुए अपने प्राणों की आहुति देने वाले अमर बलिदानियों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। इसके साथ ही मंदसौर जिले के कारगिल युद्ध के वीरों, वीर नारियों तथा शहीद परिवारों को विशेष रूप से आमंत्रित कर उनका सार्वजनिक सम्मान एवं अभिनंदन किया जाएगा। अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद ने जिले के समस्त नागरिकों और देशभक्तों से इस अवसर पर उपस्थित होकर अमर शहीदों को नमन करने का आह्वान किया है।

### पेड़ मां के नाम अभियान में बरखेड़ा में हुआ व्यापक पौधारोपण



**मंदसौर।** पर्यावरण संरक्षण और मातृ सम्मान का संदेश देने वाले 'एक पेड़ मां के नाम' महाअभियान के तहत शनिवार को गरोठ क्षेत्र के ग्राम बरखेड़ा स्थित श्री दूधाखेड़ी माताजी प्रांगण में उत्साहपूर्वक वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने पौधारोपण कर हरित वातावरण के निर्माण का संकल्प लिया। कार्यक्रम का आयोजन भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष पवन पाटीदार के आह्वान तथा भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित एवं पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिलाध्यक्ष नंदू कुमावत के मार्गदर्शन में किया गया। मुख्य अतिथि गरोठ विधायक चंदर सिंह सिसोदिया ने कहा कि वृक्ष मानव जीवन का आधार हैं। 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान मातृ सम्मान और पर्यावरण संरक्षण का प्रेरणादायी संगम है। उन्होंने प्रत्येक व्यक्ति से अपनी मां के सम्मान में कम से कम एक पौधा लगाने और उसकी देखभाल का संकल्प लेने का आह्वान किया। भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष रणजीत सिंह चौहान ने कहा कि यह अभियान केवल पौधारोपण तक सीमित नहीं है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ, सुरक्षित और हरित वातावरण देने का सामूहिक संकल्प है। उन्होंने समाज के सभी वर्गों से इस अभियान में सक्रिय सहभागिता निभाने की अपील की। कार्यक्रम में खड़ावदा मंडल अध्यक्ष सीताराम चारण, पूर्व जनपद अध्यक्ष भगवान सिंह चंद्रावत, डॉ. दयाल रावत, श्याम धाकड़, अमर सिंह, किरण जोशी, डॉ. मुकेश मीणा, गोपाल गरासिया, रामलाल सेन सहित भाजपा एवं ओबीसी मोर्चा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थितजनों ने अधिक से अधिक पौधे लगाने, उनका संरक्षण करने तथा पर्यावरण संरक्षण को जन-आंदोलन बनाने का संकल्प लिया।

## श्री आर्यरक्षित जैन तीर्थ धाम पर मुनिराज प्रीतेशचन्द्रसागरजी की बड़ी दीक्षा

**मंदसौर।** शनिवार को चन्द्रपुरा मेन रोड स्थित श्री आर्यरक्षित सुरि जैन तीर्थ धाम पर मुनिराज प्रीतेशचन्द्रसागरजी म.सा. की बड़ी दीक्षा का महोत्सव आयोजित किया गया। आचार्य अशोक सागर सुरिश्वरजी म.सा. की पावन निश्रा में आयोजित इस बड़ी दीक्षा महोत्सव में बड़ी संख्या में श्रावक श्राविकाएं भी उपस्थित थे। मंदसौर में चातुर्मास हेतु पधारे आचार्य सागरचंद्र सागरजी म.सा., आचार्य सौम्यचन्द्र सागरजी म.सा., प.पू. आचार्य विवेकचन्द्रसागर जी म.सा, आचार्य तीर्थचन्द्रसागरजी म.सा., प्रवर्तक पदमयश सागरजी म.सा., प्रवर्तक धैर्यचन्द्रसागरजी, गणिवर्य मोक्षचन्द्रसागरजी, मुनिराज वैराग्य चन्द्रसागरजी, मुनिराज धन्यचन्द्र सागरजी ने दिनांक 11 जुलाई 2026 को श्री नागेश्वर तीर्थ (उन्हेल राजस्थान) में जैन भागवती दीक्षा लेने वाले प्रीतेशचन्द्र सागरजी म.सा. को जैन संतो-साध्वियो हेतु जैन धर्म व दर्शन में अनिवार्य बताये गये 5 महाव्रत के प्रत्याख्यान श्रवण कराकर बड़ी दीक्षा दी। आचार्य अशोक सागर सुरिश्वरजी म.सा. की पावन निश्रा में सादगीपूर्ण रूप से आयोजित इस दीक्षा महोत्सव में नवदीक्षित संत प्रीतेशचन्द्रसागरजी म.सा. का नामकरण पर्वचन्द्रसागरजी महाराज के रूप में किया गया। आचार्यगणो ने प्रीतेशचन्द्र सागरजी को 5 महाव्रत के प्रत्याखान देते हुये सभी 5 महाव्रत श्रवण कराये। आचार्य सामन्तचन्द्र सागरजी म.सा. ने प्रणाधिपात, मशावाद, अददादान, मैथुन, अपरिग्रह, का प्रत्याख्यान नवदीक्षित संत प्रीतेशचन्द्र सागरजी म.सा. को देते हुये कहा कि वायु काय, अग्निकाय, जलकाय, पृथ्वीकाय सहित सभी काया के जीवो की हिंसा से बचना जैन धर्म के लिये जरूरी है यदि अंजाने में भी सूक्ष्म से सूक्ष्म काय के जीव की हिंसा हो जाये तो प्रायश्चित लेना जरूरी है। एक संत के लिये झूठ नहीं बोलना सदैव सत्य बोलना, असत्य के साथ खड़े नहीं रहना जरूरी है, चोरी नहीं करना, बिना पूछे किसी से कोई वस्तु नहीं लेना। गोचरी, वस्त्र इत्यादि भी लेना हो तो वह निर्दोष अर्थात जीव हिंसा रहित होने चाहिये। जैन संत के लिये जरूरी है कि जीवन भर ब्रह्मचर्य का पालन करे गृहस्थ जीवन में प्रवेश नहीं करे स्त्रियो के स्पर्श से भी बचे। इस प्रकार ने ये 5 महाव्रत जैन साधु साध्वी के लिये अनिवार्य बताये है तथा इनका पालन जरूरी है।संगीतकार त्रिलोक मोदी के संगीत की प्रस्तुतिया हुई- बड़ी दीक्षा महोत्सव में गुजरात से आये संगीतकार त्रिलोक मोदी के गीत संगीत की प्रस्तुति विशेष आकर्षण का केन्द्र रही उन्होंने पधारों मेरे गुरुराज गीत से संगीत की शुरुआत की।




## 11 वर्षीय बालिका से ज्यादती का प्रयास, आरोपी फरार

**पिपलियामंडी।** गांव खोखरा में 11 वर्षीय बालिका के साथ जबरन ज्यादती करने के प्रयास करने के मामले में एक आरोपी के खिलाफ पुलिस ने केस दर्ज किया। आरोपी फरार है, जिसकी पुलिस तलाश कर रही है। जानकारी के अनुसार 11 वर्षीय बालिका ने शनिवार को पिपलियामंडी थाने पर रिपोर्ट दर्ज कराई कि मै कक्षा 07 वी मे पढाई करती हूं। दोपहर 3 बजे करीब मैं घर से मेरी सहेली के वहा किताब लेने जा रही थी तभी रास्ते मे मेरे गांव के लालसिंह पिता अमरा बावरी ने मुझे बुलाया और बोला कि मेरे लिए दुकान से बिडी लेकर आ जा। मैं लालसिंह के घर के बाहर गई तो लालसिंह ने मुझे हाथ पकडकर घर मे खिच लिया और घर का दरवाजा अंदर से लगा दिया और मेरे कपडे जिंस और टिशर्ट उतारकर मुझे बिस्तर पर डाल दिया मैं चिल्लाई तो मेरे काका का लडका घर के बाहर आ गया और दरवाजा खटखटाया तो लालसिंह घर के पिछे का दरवाजा खोलकर मुझे निकालने लगा तो पिछे के दरवाजे पर मेरी काकी खडी थी जिन्होने घर के अंदर आकर घर के आगे का दरवाजा खोला और मुझे बाहर निकाला फिर घर के बाहर बहुत भीड इकट्ठी हो गई थी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 127 (2) व 76 लैलिंग अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम धारा 11, 12, 09 एम व 10 में केस दर्ज किया। टीआई विक्रमसिंह इवने ने बताया पुलिस ने केस दर्ज आरोपी के घर पर दविश दी, लेकिन आरोपी भाग निकला।

## अनियमितताओं पर वर्षा सीड्स एंड बायोटेक का बीज विक्रय लाइसेंस निरस्त

**मंदसौर।** कृषि विभाग ने अनियमितताओं और शासकीय कार्य में बाधा डालने के मामले में मेसर्स वर्षा सीड्स एंड बायोटेक, मंदसौर का बीज विक्रय लाइसेंस तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया है। किसान कल्याण तथा कृषि विकास उप संचालक मोदी ने बताया कि 30 जून को विभागीय निरीक्षण के दौरान फर्म संचालक द्वारा अधिकारियों के साथ अभद्र व्यवहार किया गया तथा आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराए गए। इसके बाद जानकारी उपलब्ध कराने, कारण बताओ नोटिस और लाइसेंस निलंबन के बावजूद फर्म ने न तो कोई जवाब दिया और न ही दस्तावेज प्रस्तुत किए। बीज अधिनियम 1966, बीज नियम 1968 एवं बीज (नियंत्रण) आदेश 1983 के प्रावधानों के तहत फर्म को गंभीर अनियमितताओं का दोषी मानते हुए उसका बीज विक्रय लाइसेंस निरस्त कर दिया गया।

उप संचालक मोदी ने बताया कि जिले में कृषि आदानों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए अभियान लगातार जारी है। अब तक कार्रवाई के तहत तीन बीज विक्रेताओं के लाइसेंस निलंबित, दो के निरस्त, तीन उर्वरक विक्रेताओं तथा दो कीटनाशी विक्रेताओं के लाइसेंस निलंबित किए जा चुके हैं। वहीं अमानक उर्वरक विक्रय के मामले में एक निर्माता कंपनी के विरुद्ध एफआईआर भी दर्ज कराई गई है।

## नपा स्वास्थ्य समिति की बैठक में ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन नियम 2026 पर चर्चा

**मंदसौर।** नपाध्यक्ष रमादेवी बंशीलाल गुर्जर के दिशा निर्देश के अनुसार कल नपा कार्यालय में नपा की स्वास्थ्य समिति की बैठक हुई। इस बैठक की अध्यक्षता नपा स्वास्थ्य समिति सभापति दीपमाला रामेश्वर मकवाना ने की। इस बैठक में नपा स्वच्छता समिति सदस्यगण आशिष गौड़ एडवोकेट, भारती पाटीदार, सुनिता गुजरिया, रेखा राजेश सोनी ऐरावाला, स्वास्थ्य अधिकारी हेमचंद शर्मा, सीटी मिशन के अजय शर्मा भी उपस्थित थे।

इस बैठक में समिति के सदस्यों को ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन नियम 2026 को लागू करने, जनभागीदारी बढ़ाने पर जानकारी दी गयी तथा समिति सदस्यों के मध्य चर्चा की गयी। बैठक के दौरान घरो में गिला व सुखा कचरा अलग-अलग करने एवं कचरा वाहन में डालने, प्लास्टिक थैलियो (30 एमएम से कम) का उपयोग रोकने एवं लोगो को जागरूक करने पर चर्चा की गयी साथ ही कपड़े की थैलियो का उपयोग करने पर बल दिया गया और नागरिको को इसके लिये प्रेरित करने पर चर्चा की गयी। इस बैठक में नगर में थोक कचरा उत्पादक (बीडब्ल्यूजी) का चिन्हांकन कर 2026 का नियम लागू कराने को लेकर भी चर्चा हुई।

इस बैठक में नपा स्वास्थ्य समिति सभापति श्रीमति दिपमाला रामेश्वर मकवाना एवं समिति के सदस्यों ने नपा स्वास्थ्य अधिकारी हेमचंद शर्मा को कहा गया कि बड़े नालों एवं नगर के मेन रोड के नालो की सफाई की जाये। रोड पर विचरण करने वाले निराश्रित पशुओं को नगरपालिका के कांजी हाऊस एवं नगर की गौशालाओ में भेजा जाये।

वर्षा ऋतु में वर्षा पानी एक जगह एकत्रित नहीं हो, एकत्रित पानी के निकासी की व्यवस्था की जाये ताकि मच्छर उत्पन्न नहीं होवे। मच्छरों से होने वाली बीमारियों की रोकथाम के लिये दवाईयो का छिडकाव किया जावे तथा वायरल बुखार, डेंगू इत्यादि के लिये भी दवाइयों का छिड़काव किया जाये।

बैठक में निर्णय लिया गया कि आगामी समय में नगर के वार्डों में भी सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिये वार्ड-स्तर पर बैठक ली जायेगी और वार्डों की सफाई की समीक्षा की जायेगी।



## 'एक पौधा-एक जिम्मेदारी' के संकल्प के साथ महाविद्यालय में वृक्षारोपण

**पिपलियामंडी।** पर्यावरण संरक्षण एवं हरित परिसर के निर्माण के उद्देश्य से पंडित अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय महाविद्यालय, पिपलियामंडी में इको क्लब के तत्वावधान में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए तथा उनके संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए इको क्लब प्रभारी राधेश्याम कटारा ने कहा कि वर्तमान समय में पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए अधिक से अधिक पौधरोपण करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि वृक्ष कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित कर ऑक्सीजन प्रदान करते हैं, जिससे वायु प्रदूषण में कमी आती है और पर्यावरण स्वच्छ एवं संतुलित बना रहता है। उन्होंने विद्यार्थियों से केवल पौधे लगाने तक सीमित न रहकर उनकी नियमित देखभाल करने का भी आह्वान किया।




महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. दिनेशचंद्र बोरीवाल ने विद्यार्थियों को औषधीय एवं छायादार पौधों की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वृक्ष मानव जीवन के अभिन्न साथी हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए और उसे वृक्ष बनने तक संरक्षित रखने की जिम्मेदारी निभानी चाहिए। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण को सामाजिक दायित्व बताते हुए विद्यार्थियों से प्रकृति के प्रति संवेदनशील बनने का आग्रह किया। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण किया गया। इको क्लब के प्रत्येक सदस्य को 'एक पौधा-एक जिम्मेदारी' अभियान के तहत एक-एक पौधे की जिम्मेदारी सौंपी गई तथा वर्षभर उसकी देखभाल करने का संकल्प दिलाया गया, ताकि लगाए गए पौधे विकसित होकर भविष्य में पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण योगदान दे सकें।



## एक नजर में

### खेल मैदान बचाने के लिए आज रविवार को धरना प्रदर्शन ज्ञापन

**नीमच।** नीमच शहर के हृदय स्थल पर खेल प्रेमियों के खेलने का एकमात्र खेल मैदान शासकीय जिला चिकित्सालय के पास बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 2 स्थित है। लेकिन वर्तमान में उक्त मैदान पर सीएम राइज स्कूल के निर्माण के लिए स्थल चयन किया गया है और उक्त स्थल पर निर्माण होने से खेल प्रेमियों के लिए नीमच शहर में और कोई भी खेल मैदान खेलने के लिए नहीं बचेगा। इसीलिए शहर के समस्त खेलप्रेमी, मॉर्निंग वाकर, प्रशिक्षक, सामाजिक कार्यकर्ता खेल मैदान को बचाने के लिए कल 26 जुलाई को दोपहर 12:30 बजे से भारत माता चौराहे 40 पर धरना प्रदर्सन कर कलेक्टर के नाम ज्ञापन देंगे। खेल मैदान बचाओ संघर्ष समिति ने सभी खिलाड़ियों, मॉर्निंग वाकर, प्रशिक्षकों, सामाजिक संघठनो, खेल संघठनो से खेल मैदान बचाने का आह्वान करते हुए उक्त आयोजन में दलगत राजनीती से परे हटकर पधारकर संघर्ष को सफल बनाने का अनुरोध किया है। उक्त जानकारी सुनील जैन, विमल शर्मा, मनीष वर्मा ने दी।

### रोटरी डायमंड ने किया वृक्षारोपण, पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश



**नीमच।** सेवा कार्यों में अग्रणी संस्था रोटरी क्लब ऑफ नीमच डायमंड द्वारा रोटरी के सेवा प्रकल्पों के अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भविष्य के संकल्प को साकार करने के उद्देश्य से रोटरी डायमंड पार्क में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश व्यापारी प्रकोष्ठ के सहसंयोजक श्री सुनील कटारिया रहे। उनके करकमलों से पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण एवं प्रकृति संवर्धन का संदेश दिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्लब अध्यक्ष रोटे. गुणवंत जैन ने की। इस अवसर पर क्लब सचिव रोटे. धीरज गांधी ने सभी अतिथियों एवं सदस्यों का स्वागत करते हुए कहा कि रोटरी का उद्देश्य केवल सेवा कार्य करना ही नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ एवं हरित पर्यावरण का निर्माण करना भी है। उन्होंने सभी से अधिक से अधिक वृक्ष लगाने एवं उनके संरक्षण का संकल्प लेने का आग्रह किया। मुख्य अतिथि श्री सुनील कटारिया ने अपने उद्बोधन में कहा कि वृक्षारोपण केवल एक अभियान नहीं, बल्कि प्रकृति के प्रति हमारी जिम्मेदारी है। यदि प्रत्येक व्यक्ति एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल करे, तो पर्यावरण संरक्षण की दिशा में बड़ा परिवर्तन संभव है। उन्होंने रोटरी क्लब ऑफ नीमच डायमंड द्वारा किए जा रहे सेवा एवं पर्यावरण संरक्षण के कार्यों की सराहना की। कार्यक्रम में क्लब के पूर्व अध्यक्ष रोटे. हेमंत भंडारी, रोटे. कमल मंगल, रोटे. कमल आंजना, रोटे. दीपक एरन, रोटे. सुमित मित्तल रोटे. सुदीप भामावत, आशीष सैनी, सुनील सोनी, रोटे. आशीष गर्ग (गगन), संजय सोनी, पंकज मुंदड़ा, प्रवीण गोदावत, सौरभ गोयल, अतुल एरन एवं पार्षद आलोक सोनी सहित बड़ी संख्या में रोटेरियन उपस्थित रहे।

## फर्जी दस्तावेज बनाने वाले 3 आरोपियों को सश्रम आजीवन कारावास

**मनासा।** आशुतोष यादव, द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश, मनासा, जिला-नीमच द्वारा अपने निर्णय में अंतरिम जमानत को आगे बढ़ाने के लिये फर्जी मेडिकल के दस्तावेज बनवाने वाले पिता-पुत्र (1) अमरलाल पिता मथुरालाल मालवीय, उम्र-55 वर्ष व (2) दीपक पिता अमरलाल मालवीय, उम्र-37 वर्ष, दोनो निवासी-ग्राम बर्डिया, तहसील-मनासा, जिला नीमच को धारा 420 भारतीय दण्ड संहिता, 1860 के अंतर्गत 5-5 वर्ष के सश्रम कारावास व 1000-1000 रूपये के अर्थदण्ड, धारा 467, 468, 120बी, 471 भारतीय दण्ड संहिता, 1860 के अंतर्गत 07-07 वर्ष के सश्रम कारावास व 1000-1000 रूपयें के अर्थदण्ड से दण्डित किया तथा फर्जी मेडिकल दस्तावेज बनाने वाले आरोपी (3) रोहित पिता बैजनाथ यादव, उम्र-33 वर्ष, आजाद नगर, जिला-भीलवाड़ा (राजस्थान) को धारा 420 भारतीय दण्ड संहिता, 1860 के अंतर्गत 5 वर्ष के सश्रम कारावास व 1000 रूपये के अर्थदण्ड तथा धारा 467, 468 भारतीय दण्ड संहिता, 1860 के अंतर्गत 07 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 1000-1000 रूपये अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।



अभियोजन मीडिया सेल प्रभारी एडीपीओ रितेश कुमार सोमपुरा द्वारा घटना की जानकारी देते हुए बताया कि एनडीपीएस के थाना मनासा के एक अपराध में आरोपी अमरलाल गिरफ्तार होकर न्यायिक अभिरक्षा में था, जिसको उसकी पत्नी के ईलाज हेतु माननीय मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के आदेश से अंतरिम जमानत पर 01 माह के लिये रिहा किया गया था। आरोपी अमरलाल द्वारा फिर से अंतरिम जमानत को आगे बढ़ाये जाने हेतु इस आधार पर माननीय मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय में आवेदन लगाया गया था कि उसके पैर में एसीएल टीयर नाम की बीमारी व फ्रैक्चर हो गया हैं। आरोपी ने आवेदन के साथ मालू हॉस्पीटल, भीलवाड़ा में ईलाज के दस्तावेज, चिकित्सीय प्रमाण-पत्र, पांव में प्लास्टर चढ़े हुवे दो फोटो व उसके पुत्र आरोपी दीपक का इस संबंध में शपथ-पत्र भी न्यायालय में प्रस्तुत किया था। माननीय मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय द्वारा आरोपी अमरलाल द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों का वैरिफीकेशन किये जाने का आदेश दिया गया तथा वैरिफीकेशन होने तक आरोपी को अंतरिम जमानत प्रदान कि गई। आरोपी द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों का वैरिफिकेशन किये जाने पर समस्त दस्तावेज फर्जी होना पाये गये, जिस कारण माननीय मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के आदेश पर से आरोपी के विरूद्ध थाना मनासा में अपराध पंजीबद्ध किया जाकर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान पता चला कि दोनो आरोपी पिता-पुत्र के द्वारा अंतरिम जमानत को आगे बढ़ाये जाने के लिये ईलाज के फर्जी दस्तावेज बनवाये गये हैं। दोनो आरोपीगण को गिरफ्तार किया गया।

## बकाया मजदूरी मांगने पर बंधक बनाया, दुकान से अगवा कर रातभर थ्रेशर बेल्ट और लाठी से पीटा

**नीमच।** जिले के जावद थाना क्षेत्र में बकाया मजदूरी मांगने पर एक मजदूर को बंधक बनाकर बेरहमी से पीटा गया। खड़ावदा गांव निवासी 35 वर्षीय सुरेश जाट को उसके मालिक ने दो दोस्तों के साथ मिलकर अगवा किया और खेत पर रातभर थ्रेशर मशीन की बेल्ट व लट्ठों से पिटाई की। पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

**20 महीने काम के बदले दिए सिर्फ 20 हजार:** सुरेश जाट पिछले दो वर्षों से अशोक कुमार जाट के पास 12,000 रुपए महीने पर कुल्फी का टेम्पो चलाता था। सुरेश का आरोप है कि 20 महीने तक काम करने के बावजूद उसे महज 20,000 रुपए दिए गए। पांच दिन पहले जब उसने बकाया राशि मांगी, तो अशोक ने पैसे देने से इनकार कर दिया और विवाद शुरू हो गया।

### टीन शेड में बंद कर थ्रेशर बेल्ट से किए वार

इसके बाद गुरुवार को आरोपी सुरेश को खेत पर बने टीन शेड के कमरे में ले गए और बाहर से कुंडी लगा दी। रात में थ्रेशर की बेल्ट और लट्ठों से की गई पिटाई के कारण सुरेश की पीठ, जांघों और गर्दन पर गंभीर घाव हो गए। आरोपियों ने उसका मोबाइल तोड़ दिया और कहीं और काम करने पर जान से मारने की धमकी दी। **परिजनों ने छुड़ाया:** इसके बाद जब वह बहुत देर तक घर नहीं आया तो परिजनों ने उसकी तलाश की। पूछताछ के आधार पर शुक्रवार सुबह परिजन पीड़ित तक पहुंचे तो सुरेश घायल अवस्था में बंधा मिला, उसकी पीठ और शरीर पर गंभीर घाव मिले। पीड़ित की पीठ और शरीर पर बने गहरे घावों के आधार पर जावद थाना पुलिस ने शुक्रवार शाम तीन आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं घटना के बाद से ही आरोपी फरार है।

## अघोषित विद्युत कटौती से परेशान हर आम व खास

**खोर।** जावद क्षेत्र में पिछले कई दिनों से दिन हो या रात कभी भी लाइट बंद होना आम बात हो गई है। जिससे आम जनता काफी परेशान है, शोशल मीडिया पर प्रतिदिन विद्युत विभाग को लेकर कई तरह के कमेंट भी लोगो द्वारा किए जा रहे है। तथा सबसे ज्यादा असर ग्रामीण क्षेत्रो में रह रहे ग्रामीणों को हो रहा है।

जिन्हें बारिश के इस मौसम में जहरीले जानवरो के काटने का खतरा बना रहता है। नियमानुसार अगर विद्युत विभाग द्वारा कोई मेंटेनेंस करना होता है तो एक दिन पहले शोशल मीडिया या पेपर के माध्यम से जानकारी प्रेषित की जाती है। जिसमे कटौती के समय की जानकारी दी जाती है। लेकिन पिछले काफी दिनों से विद्युत विभाग द्वारा कटौती को लेकर आम जनता की हालत बहुत खराब है। कोई सुनने वाला नही है। इस विषय मे जानकारी लेने के लिए अधिकारी को फोन लगाओ तो उठाते नही ओर अगर कोई लाइनमैन से पूछो तो बोलते है फाल्ड है समय लगेगा। आम जनता द्वारा विद्युत विभाग के इस फाल्ड वाले रवैये को लेकर काफी नाराजगी है। ग्रामीणों का कहना है कि पिछले दो तीन दिन से न तेज हवा चली न भारी बारिश हुई फिर भी दिन में कई बार एवम रात में भी कटौती की गई। लोगो ने शोशल मीडिया पर विद्युत विभाग के ऊपर टिप्पणियां कर अपनी भड़ास निकाली।

**एक नजर** | **पांच दिवसीय प्रतियोगिता का शुभारंभ आज, जिले की 17 टीमें लेंगी भाग**

## एसपी कप फुटबॉल टूर्नामेंट के जरिए युवाओं को मिलेगा नशामुक्ति का संदेश

**नीमच।** मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा संचालित प्रदेशव्यापी 'नशे से दूरी है जरूरी अभियान 2.0' के अंतर्गत युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से जागरूक करने तथा उन्हें खेल एवं सकारात्मक गतिविधियों से जोड़ने के उद्देश्य से जिला पुलिस नीमच द्वारा 'एसपी कप फुटबॉल टूर्नामेंट' का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता 26 से 30 जुलाई 2026 तक दशहरा मैदान, नीमच में आयोजित की जाएगी।



पुलिस अधीक्षक राजेश व्यास के निर्देशन में आयोजित इस पहल का उद्देश्य खेलों के माध्यम से युवाओं में नशामुक्त जीवनशैली के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा स्वस्थ एवं सकारात्मक वातावरण का निर्माण करना है। प्रतियोगिता में जिले की 17 फुटबॉल टीमें भाग लेंगी, जो खेल भावना के साथ-साथ नशामुक्ति का संदेश भी जन-जन तक पहुंचाएंगी। टूर्नामेंट की तैयारियों के संबंध में पुलिस अधीक्षक श्री राजेश व्यास ने पुलिस कंट्रोल रूम में विभिन्न फुटबॉल क्लबों के सचिवों की बैठक लेकर आयोजन की रूपरेखा पर चर्चा की। बैठक में प्रतियोगिता के सफल एवं सुव्यवस्थित संचालन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए तथा सभी टीमों से खेल भावना एवं अनुशासन के साथ सहभागिता सुनिश्चित करने का आग्रह किया गया। जिला पुलिस द्वारा अभियान के दौरान प्रतिदिन विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में आयोजित यह फुटबॉल प्रतियोगिता युवाओं को नशे से दूर रखते हुए खेलों के प्रति प्रेरित करने और समाज में नशामुक्ति के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने की एक अभिनव पहल है। पुलिस अधीक्षक श्री राजेश व्यास ने आमजन से अपील की है कि वे 'नशे से दूरी है जरूरी अभियान 2.0' को जनभागीदारी का अभियान बनाएं। जनसहयोग और सामाजिक सहभागिता से ही स्वस्थ, सुरक्षित एवं नशामुक्त समाज का निर्माण संभव है।